# विकासखंड शिक्षा अधिकारी बघेल ने किया ग्रामीण क्षेत्रों की स्कूलों का निरीक्षण

## शालाओं में बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर शिक्षा अधिकारी ने नाराज़गी जताई

**बाग** – नवागत विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल ने शिक्षा को लेकर अपनी कसावट तेज कर दी है और ग्रामीण क्षेत्रो मे लगातार निरीक्षण करने की ठान ली है ।इसी को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल ने दिनांक 10/9/2025 बुधवार को बाग ब्लाक की प्रावि आमलियापुरा,घटबोरी, का निरीक्षण किया गया जिस शाला मे 1 से लेकर 5 तक में कुल 81 छात्र दर्ज थे मगर उपस्थित 50 पाई गई । इसी प्रकार प्रावि खाड़ापुरा में दर्ज 28 में से 24 छात्र छात्राए उपस्थित थे । नवीन मा वि पिपल्वा में दर्ज 107 छात्रों में से मात्र 15 विधार्थियों के मिलने से नाराज़गी व्यक्त करते हुए शिक्षकों को उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गये ।साथ ही शालाओं में शिक्षकों को समय पर आने के भी निर्देश दिए गए। प्रावि शाला ग्राम घूड़दलिया में 85 विधार्थियों में मात्र 20 बच्चे उपस्थित मिले एवं वहां की शिक्षिका कु, गरिमा यादव बिना सुचना के करीब 15 अगस्त से अनुपस्थित पाई गई। जिसे शौकाज नोटिस देकर नहीं आने का कारण पूछा जावेगा । इसी तरह प्रावि शाला पाड़ा बांधा में कुल 54 बच्चे दर्ज मगर उपस्थिति 35 की प्रावि बगोली में 55 मेसे 38 छात्र उपस्थित थे । नवीन प्राथमिक शाला भिलवा फुल्वा में गडरावत में 61 दर्ज संख्या में मात्र 6 विधार्थी शाला में पाए गए जिसको देखकर बीईओ बघेल ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए उपस्थित शिक्षक को बच्चों की शाला में उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गये साथ ही संस्था का एक शिक्षक सूबेद यादव चिकित्सा अवकाश पर मिले उसी दौरान प्राथमिक शाला गुराड़िया में 100 बच्चे दर्ज उपस्थिति 50 पाई गई। माध्यमिक शाला झाई में 159 बच्चे दर्ज मगर उपस्थिति 40 की होने पर नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए शिक्षक को पालक संघ की बैठक बुलाकर बच्चों की शाला में उपस्थिति को बढ़ाने के निर्देश दिए ।



**लगातार मेरा निरीक्षण ग्रामीण स्कूलों में चलेगा ।लापरवाही पर कार्यवाही भी होगी**

विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल ने बताया की मेरे द्वारा विकासखंड की ग्रामीण स्कूलों में दिनांक 10/9/2025 को निरीक्षण किया गया जहा बहुत सी अनियमिताए सामने आई है उसमें खासकर बच्चों की संख्या कम पाई गई है सो शिक्षको को संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं ।साथ ही शालाओं में साफ सफाई के भी निर्देर दिए हैं और बीईओ बघेल ने कहा की मेरा निरीक्षण ग्रामीण स्कूलों में लगातार चलेगा और जिसमें भी शिक्षा में लापरवाही की उस शिक्षक पर उचित कार्यवाही भी होगी ।

# बीसीएम एवं उनकी टीम ने हाई रिस्क से गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया



**बाग** – विकासखंड अंतर्गत ग्राम जाली में गर्भवती महिला सुशिला पति नरसिंह का सुरक्षित प्रसव दिनांक 07.07.2025 को सामु.स्वा.केन्द्र टाण्डा में हुआ। महिला की प्रथम जॉच के समय लम्बाई 145 से.मी., वजन 35 कि.ग्रा.,बी.पी 98/60, एच.बी. 7.8 ग्राम, ओ.जी.टी. 104 था। महिला के पुर्व के दो बच्चे विकलांग बच्चे हैं। आशा के द्वारा महिला एएनसी पंजियन करवाया गया व एच.डब्ल्यु.सी. जाली पर महिला की दुसरी जॉच दिनांक 26.05.2025 की कई जिसमें महिला का वजन 39 कि.ग्रा.,बी.पी 118/70, एच.बी. 8.8 ग्राम, आर.बी.एस 109 था। महिला का वजन एवं एच.बी. कम होने के कारण हाई रिस्क चिनांकित किया था। महिला को सी.एच.ओं. एवं आशा के द्वारा समझाईश देते हुए पोषण खान पान और समय पर आयरन एवं कैल्शियम की गोली खाने हेतु कहा गया और गर्भवती एवं उसके परिवार जनो को संस्थागत सुरक्षित प्रसव हेतु कहा गया व समय समय पर एएनएसी की सभी जॉच के लिए कहा गया। महिला की तिसरी जॉच दिनांक 17.06.2025 को की गई जिसमें महिला एच.बी. 8.9 ग्राम वजन 39 होने कारण महिला को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस में सी.एच.ओं. के द्वारा आशा के माध्यम से सी.एच.सी. टाण्डा ले जाया गया व सुरक्षित प्रसव हेतु संस्थागत प्रसव हेतु समझाईश दि गई। आशा नूराबाई एवं सी.एच.ओं. शीतल राठोर के अथक प्रयास व परिवार जन के मना करने पर भी बार बार उनके घर जाकर महिला एवं उसके पति सास ससुर को संस्थागत प्रसव करवाने हेतु कई बार कहा गया परिवारजन के मना करने पर भी आशा एवं सी.एच.ओं. ने प्रयास करना नहीं छोडा ओर उसके घर जाते रहे अनत: महिला व उसका पति ने बात मानकर आशा के साथ सामु.स्वा.केन्द्र टाण्डा ब्लॉक बाग जाकर दिनांक 07.07.2025 को सुरक्षित प्रसव करवाया जिसमें 2.700 कि.ग्रा. की बालिका को जन्म दिया। आज कि स्थिति आशा नूराबाई,आशा सहयोगी अंतूबाई सुपरवाईजर,बी.सी.एम.डॉक्टर सुरेखा परिहार सी.एच.ओं, शीतल राठोर एएनएम सेना कनेश के द्वारा महिला एवं बच्ची की 42 दिनो तक ग्रह भेट कि गई आज कि स्थिति में मॉ और बच्ची दोनो स्वस्थ हैं।




# शिक्षक पढ़ाने के साथ प्रेरणास्त्रोत बनकर देश की भावी पीढ़ी तैयार करता है : डीईओ केशव वर्मा

**नागदा ( धार )** । सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदनावर में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी केशव वर्मा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश दुबे प्राचार्य संदला, ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी सेकड़िया डाबर, श्रीराम पाटिल, सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य रियाजउद्दीन शेख एवं पेंशनर संघ अध्यक्ष महेंद्रसिंह चंद्रावत ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो, नवाचारों एवं जिला स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी में सराहनीय प्रदर्शन करने पर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान से शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय नयापुरा माकनी में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक गोपाल कौशल को शाल श्रीफल, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नवाचारी कार्यों के लिए शिक्षक दिवस पर नवाचार एसोसिएशन उप्र,शांति फाउंडेशन गोंडा उ प्र ,शिक्षा सारथी उत्तर प्रदेश, सूर्य क्रांति फाउंडेशन उप्र ,बालमन पत्रिका बिहार सहित कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी केशव वर्मा ने कहा कि शिक्षक पढ़ाने के साथ प्रेरणास्त्रोत बनकर देश की भावी पीढ़ी तैयार करता है। श्री वर्मा ने गुरुजनों की महिमा के साथ उनके सेवाकाल में दी गई सेवाओं की स्मृतियों को ताजा कर किए कार्यो की सराहना की । शिक्षा विभाग अंतर्गत गत सत्र में सेवानिवृत हुए सभी सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सरस्वती पूजा एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य रियाजुद्दीन शेख, सेवानिवृत शिक्षक ईश्वरलाल जोशी, मंजुला पंडित, बाबूलाल चौहान ने पुष्पहार से किया। स्वागत उद्बोधन सेकड़िया डाबर ने दिया।



# माही माता घाट पर श्राद्ध पक्ष में प्रतिदिन हो रहा तर्पण

**सरदारपुर** ।पितरो को खुश और घर-परिवार में सुख-शांति और आशिर्वाद प्राप्त करने के लिए श्राद्ध पक्ष मे प्रतिदिन नेशनल हाइवे इन्दौर अहमदाबाद मार्ग से सटे हुए माही माता घाट पर पितरो को तर्पण कार्य पंडित प्रदीप मिश्रा के द्वारा रोजाना कराया जा रहा है।पंडित मिश्रा सरदारपुर ने बताया कि श्राद्ध पक्ष मे पितृ इस आशा से आते है कि हमारे द्वारा पितरों को जलांजलि, कव्य, गो ग्रास दान, प्राप्त होगा पुराणों में वर्णन है कि मनुष्य को पूर्णतया पितृ भक्त होना चाहिए, देवताओं ने कहा है सौलह श्राद्ध में तन्मयतापूर्वक पितृ आराधना होनी चाहिए।जो मनुष्य ऐसा नहीं करता देवता उसके घर से जल, हव्यादि ग्रहण नहीं करते हैं। देवता तभी प्रसन्न होते हैं, जब पितृ प्रसन्न रहते हैं ! पंडित मिश्रा ने बताया कि जो मनुष्य श्राद्ध पक्ष में नित्य तर्पण करता है उसे ऋणतय अर्थात, देवऋण, ऋषिऋण, पितृऋण से मुक्ति प्राप्त होती है।

# छात्र-छात्राओं को स्कूटी देकर सम्मानित किया

**नागदा ( धार )।* दोनो छात्र-छात्रा जिनको आज स्कूटी मिलने पर सम्मानित किया जा रहा है, वह यहीं न रूके बल्कि आगे भी अपनी कक्षाओं में इसी तरह क?ी मेहनत कर सम्मानित हो, उसके लिए निरंतर प?ाई पर विशेष ध्यान दे। आपके साथ-साथ गाँव व विद्यालय परिवार के लिए भी यह प्रशंसा का विषय है व उन विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित करे जो इस वर्ष संस्था में अध्ययनरत है। प्रदेश शासन की यह योजना विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा के प्रति और अधिक मजबूती से अग्रसर करेगी।**

उक्त बातें गुरूवार को सांदीपनि शाउमावि नागदा में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्कूटी मिलने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य राजेन्द्रसिंह पटेल ने कही। कार्यक्रम में उपस्थित राजेन्द्रसिंह पटेल, सरपंच पन्नालाल कोली, जयेश मेहता, अनोखीलाल राठौ?, प्राचार्य धर्मेन्द्र जाट, अनवर मंसुरी, पंकज दग्दी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण के साथ सरस्वती पूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि, विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भोपाल से प्रसारित प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को सुना।

अतिथियों द्वारा कक्षा 12 वी बालिका वर्ग में प्रथम तन्नु-समदर चैधरी व बालक वर्ग में कृष्णा-प्रकाश परमार को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मान किया। दोनो ही प्रथम रहे छात्र-छात्राओं को शासन की योजना अंतर्गत स्कूटी हेतु 1 लाख 20 हजार रूपये की राशि शासन द्वारा उनके खाते में स्थानांतरित की। संस्था प्राचार्य धर्मेन्द्र जाट ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ ही विद्यार्थियों की लगन से की गई मेहनत का प्रतिफल बताया व आगे भी विद्यार्थी ऐसे ही सम्मानित हो उसके लिए उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर पालक समदर चैधरी, शिक्षक मेहमुद खान, श्रीमती सरिता शर्मा, श्रीमती रूस्तुफ अली व छात्र-छात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सचिन प्रजापति ने किया व आभार निलेश गोयल ने माना।



एक नजर

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यचिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया

# आशा और एएनएम को रिंगनोद में मोतियाबिंद की प्रारंभिक जांच के लिए प्रशिक्षण दिया

**सरदारपुर । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिंगनोद में डॉ.आर.के. शिंदे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं डॉ. सौरभ बोरासी नेत्र रोग विशेषज्ञ धार एवं डॉ.अरुण मोहरानी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सरदारपुर के मार्गदर्शन में एवं शंकरा आई सेंटर विजय नगर इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र चिकित्सा सहायक सतीश पाराशर एवं शंकरा आई सेंटर के प्रशासक मृदुल निगम के द्वारा मोतियाबिंद की प्रारंभिक जांच के लिए रिंगनोद सेक्टर की आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया ।**




नेत्र प्रशिक्षण की शुरुआत दीप प्रजलित करके डॉ. शिवम जांगड़े एवं डॉ. राहुल हामड मेडिकल ऑफिसर रिंगनोद के द्वारा की गई ।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अंधत्व से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन तक पहुंचाना रहा ताकि फिर से दुनिया को देख सके और बेहतर जीवन जी सके। प्रशिक्षण में शंकरा के द्वारा आशा एएनएम को मोतियाबिंद की जांच के लिए किट भी निशुल्क उपलब्ध करवाए गए. इस कार्यक्रम में बीसीएम उल्लास पाटीदार ,आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर ,एएनएम एवं डीडी बेरागी उपस्थित रहे ।



इस अभियान की जानकारी शंकरा आई फाऊंडेशन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर लोकेश करोड़ीवाल द्वारा साझा की ?ई उन्होंने बताया क्षेत्र में चिन्हित मरीजों को शंकरा आई सेंटर इंदौर ले जाकर ऑपरेशन की सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी जिससे पुनः अपने नेत्रों से जगमगाती दुनिया को देख सके।

एक नजर में

# मेधावी छात्राओं को किया स्कूटी का वितरण



**बदनावर** . परिश्रम ही सफलता की कुंजी है* विद्यार्थी जीवन में किया गया परिश्रम जीवन भर काम आता है। मध्य प्रदेश शासन शिक्षा के क्षेत्र में उत्थान के लिए भरसक प्रयास कर रही है ।शिक्षा विभाग जिला धार अंतर्गत बदनावर विकासखंड पर जिला स्तरीय स्कूटी वितरण समारोह संदीपनी विद्यालय बदनावर में रखा गया। विकासखंड बदनावर के समस्त उ मा विद्यालय से बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त एक छात्र एवं एक छात्रा को शासन द्वारा 1,20,000 रुपए की राशि उनके खाते में सीधे प्रदान की गई है। जिससे वह स्वयं स्कूटी पसंद से क्रय करके आज वितरण समारोह में उपस्थित हुए ।मुख्यमंत्री द्वारा वितरण समारोह का शुभारंभ भोपाल से किया गया। उसी क्रम में जिला स्तरीय प्रोग्राम बदनावर में रखा गया। जिसके मुख्य अतिथि मीना शेखर यादव अध्यक्ष नगर परिषद बदनावर ,विशेष अतिथि वार्ड 2 पार्षद जितेन्द्र शर्मा एवं अनीता चौहान पार्षद वार्ड 3 थे । प्रारंभ में सरस्वती पूजन अतिथियों के द्वारा किया जाकर समारोह का शुभारंभ किया गया, निर्धारित समय अनुसार विद्यार्थियों को माननीय मुख्यमंत्री के स्कूटी वितरण समारोह का भोपाल से सीधा प्रसारण सभी को दिखाया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी, दिनेश दुबे वरिष्ठ प्राचार्य, श्री श्री राम पाटिल एवं विद्यालय प्राचार्य ने किया। स्वागत उद्बोधन रियाजुद्दीन शेख प्राचार्य ने प्रदान किया। समारोह में पात्र छात्र-छात्राओं को अतिथियों करकमलों से स्कूटी की चाबी प्रतीक स्वरूप सौपी गई।जो विद्यार्थी स्कूटी लेकर उपस्थित हो गए थे उन्हें अतिथियों द्वारा स्कूटी भी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। समारोह में में समस्त प्राचार्य, विद्यार्थियों पालक गण भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह का संचालन व्याख्याता प्रदीप पांडेय् ने किया आभार जुगल किशोर प्रजापत ,उच्च माध्यमिक शिक्षक ने माना।

# विधायक प्रताप ग्रेवाल ने 40 खिलाड़ियों को फुटबॉल सामग्री का वितरण किया



**सरदारपुर** ।विधायक प्रताप ग्रेवाल ने बुधवार को खेल परिसर मैदान सरदारपुर पर आयोजित कार्यक्रम मे खेलो इण्डिया स्माल सेन्टर सरदारपुर के 40 खिलाडियो को फुटबॉल सामग्री का वितरण किया जिसमे 20 बालक एवं 20 बालिका वर्ग के खिलाडी शामिल है।विधायक ग्रेवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि सरदारपुर के फुटबॉल खिलाडियो ने सदैव देश एवं प्रदेश मे सरदारपुर का नाम गौरवान्वित किया है प्रदेश मे सबसे अधिक राज्य एवं राष्टीय स्तर के खिलाडी सरदारपुर मे ही है विधायक ग्रेवाल ने खेल दिवस पर सीहोर मे आयोजित फुटबॉल मुकाबले मे सरदारपुर की मिनी ब्राजील विचारपुर पर शानदार जीत पर सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक को बधाई दी। सरदारपुर मे खेलो इण्डिया स्माल सेन्टर की सौगात विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा वर्ष 2024 मे सरदारपुर को प्रदान की गई थी। आयोजित कार्यक्रम मे खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला अधिकारी राजेश शाक्य, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतनलाल पडियार, जिला कांग्रेस सचिव राजेन्द्र लोहार, मुकेश तुफान, फुटबॉल प्रशिक्षक शैलेन्द्र पाल, खेलो इण्डिया स्माल सेन्टर प्रशिक्षक चंचल खराडी, ब्लाक युवा समन्वयक सुनीता भाबर, विष्णु चौधरी, भास्कर पाटीदार, शिवांग ग्रेवाल आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक लालशंकर उपाध्याय का निधन



**पेटलावद**। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक लालशंकर उपाध्याय का विगत दिनों लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। आप जीवदया अभियान के सदस्य अधिमान्य पत्रकार मनोज उपाध्याय एवं सतीश उपाध्याय के पिता तथा चिराग, दिवेश, अक्ष, अथर्व के दादाजी एवं जयराज के परदादा थे। भारतीय पत्रकार संघ सहित अन्य सामाजिक संगठनों व पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनके निज निवास पर पहुँच कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपाध्याय के अंचल में शैक्षणिक योगदान को याद करते हुए भारतीय पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष हरिश राठौड ने कहा कि स्व. लालशंकर उपाध्याय ने आदिवासी अंचल में शिक्षा क्रांति लाने के साथ साथ जीवदया के भी अनेक कार्य किये है। आपने अपने सरल व मृदु व्यवहार के साथ अपने जीवन के 50 वर्ष से अधिक गौ सेवा को समर्पित करते हुए कुशल गौपालक के रूप में समाज में अलग पहचान बनाई है। ऐसे में आपका अनंत चतुर्थी के अवसर पर हमारें बीच से जाना हमें दु:खी जरूर कर गया परन्तु भगवान श्रीगणेश के पावन दिनों में जाने वाली आत्मा को प्रभु शरण मिले ऐसी मंगल प्रार्थना हम करते है। युवा ईकाई जिलाध्यक्ष मोहन परमार ने कहा इस दु:ख की घड़ी में हम सभी परिवार के साथ है प्रभु सभी को शीघ्र इस दु:ख से उभरने का साहस सम्बल प्रदान करें वही उपाध्याय के पदिचन्हों पर चल कर उनके सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने में सहयोगी बने।इस मौके पर ओम जी भट्ट पवन नाहर वीरेंद्र भट्ट, भारतीय पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष हरीश राठौड,उपाध्यक्ष राजू धानक भारतीय पत्रकार संघ यूथ जिला अध्यक्ष मोहन परमार तहसील अध्यक्ष प्रकाश पडियार भारतीय पत्रकार संघ महिला प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष नीलिमा डाबी थांदला अध्यक्ष विवेक भारद्वाज उपाध्यक्ष इमरान अर्जुन ठाकुर धर्मेश सोनी आदि पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# आज पेटलावद में मुख्यमंत्री मोहन यादव के आने पर जनता, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों को कई अपेक्षा

**पेटलावद**। पेटलावद में 12 सितम्बर को मुख्यमंत्री मोहन यादव आ रहे है। जिसे लेकर नगर सहित क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार मोहन यादव पेटलावद में आ रहे है।


नवभारत

झाबुआ में ब्यूरो व एजेंसी के लिए
संपर्क करें :
संपर्क करें : 84358-90018
98261-60997
0731-4096718